नवभारत
| संस्थापक : स्व. रामगोपाल माहेश्वरी | प्रेरणा स्त्रोत : स्व. प्रफुल्ल माहेश्वरी |

# समृद्धि के दीप जलाएं

दीपावली केवल रोशनी का पर्व नहीं, बल्कि यह उस चेतना का उत्सव है, जो अंधकार से उजाले की ओर, निराशा से आशा की ओर और स्थिरता से प्रगति की ओर ले जाती है. यह वह क्षण है जब समाज अपने भीतर झांककर आत्ममंथन करता है और यह संकल्प लेता है कि उसके भीतर और बाहर दोनों में प्रकाश फैले, विचारों में, कर्म में और आचरण में. आज भारत आत्मनिर्भरता की जिस यात्रा पर अग्रसर है, वह केवल आर्थिक नीति का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मबल के पुनर्जागरण का प्रतीक है. 'आत्मनिर्भर भारत' का अर्थ केवल उत्पादन बढ़ाना या तकनीकी प्रगति तक सीमित नहीं, बल्कि यह उस मानसिकता का निर्माण है जिसमें श्रम का सम्मान, स्थानीय संसाधनों का उपयोग और स्वदेशी नवाचार का आत्मविश्वास निहित है. जब प्रत्येक नागरिक अपने क्षेत्र में, अपनी क्षमता के अनुसार राष्ट्र के निर्माण में भाग लेता है, तभी सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भरता का दीप प्रज्वलित होता है.

भारत का सांस्कृतिक वैभव और प्राकृतिक विविधता उसे वैश्विक पर्यटन का केंद्र बना सकती है. आवश्यकता केवल इस क्षेत्र में समग्र दृष्टिकोण अपनाने की है. इको-टूरिज्म और लोक-टूरिज्म को प्रोत्साहित कर न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सकते हैं, बल्कि ग्रामीण संस्कृति को आर्थिक ऊर्जा से जोड़ा जा सकता है. धार्मिक पर्यटन के प्रसार से अध्यात्म और अर्थव्यवस्था दोनों समृद्ध हो सकते हैं, क्योंकि भारत का अध्यात्म ही उसकी अर्थनीति का प्राण है. गांवों की समृद्धि राष्ट्र की आत्मा है. कुटीर उद्योगों को सशक्त करना और 'एक जिला, एक उत्पाद' जैसी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना स्थानीय रोजगार और आत्मनिर्भरता की सबसे सशक्त नींव रख सकता है. यदि राज्य सरकारें इस पहल को केंद्र की भावना के अनुरूप आगे बढ़ाएं, तो न केवल पलायन की समस्या घटेगी, बल्कि ग्रामीण भारत का स्वाभिमान भी पुनर्जीवित होगा. कृषि आधारित उद्योगों और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में निवेश से कृषि को नई दिशा मिल सकती है. यह किसान की आय बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय बाजारों को स्थायित्व देगा. इसी प्रकार, स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं ने नवाचार की एक नई संस्कृति का जन्म दिया है. अब आवश्यक है कि इन योजनाओं में आने वाली जटिलताओं को दूर कर नवप्रवर्तकों को सशक्त बनाया जाए. जब युवा अपने विचारों को वास्तविकता में बदलने का साहस पाएंगे, तभी भारत का आर्थिक भविष्य सुदृढ़ होगा.

दरअसल,समृद्धि का वास्तविक अर्थ तभी साकार होता है जब उसके साथ शांति और सौहार्द की अनुभूति भी जुड़ी हो. सामाजिक एकता, धार्मिक सहिष्णुता और सामुदायिक सद्भाव, यही वह आधार हैं जिन पर स्थायी विकास टिका होता है. सरकारें योजनाएं बना सकती हैं, परंतु समाज को उन्हें आत्मसात करना होगा. जब शासन और जनता दोनों मिलकर समान दिशा में चलें, तब ही राष्ट्र की प्रगति समग्र रूप में प्रकट होती है. इस दीपावली, आइए हम केवल अपने घरों को नहीं, बल्कि अपने विचारों, कर्मों और राष्ट्र की दिशा को भी आलोकित करें. विकास के पथ पर अग्रसर भारत तभी उज्जवल बनेगा जब प्रत्येक नागरिक अपने भीतर समृद्धि का दीप जलाएं एक ऐसा दीप जो परिश्रम से प्रज्वलित हो, शांति से स्थिर हो और सद्भाव से सुशोभित हो. यही दीप भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक ऐसे भारत का मार्ग दिखाएगा, जो आत्मनिर्भर भी हो, समृद्ध भी और सर्वसमावेशी भी.

निशानेबाज

## विदेश में बस जाए भारत का छोरा तो कहलाता है डायस्पोरा

पड़ोसी ने हमसे कहा, निशानेबाज, मराठी में लड़के को पोरा व लड़की को पोरी कहा जाता है लेकिन डायस्पोरा शब्द का क्या अर्थ है? यह शब्द कबसे प्रचलित हुआ?

हमने कहा, अमेरिका में रहनेवाले भारतीयों को डायस्पोरा कहा जाता है. 2007 में विजय मिश्रा ने किताब लिखी जिसका शीर्षक था- दि लिटरेचर ऑफ इंडियन डायस्पोरा ! इसके बाद से यह शब्द ज्यादा प्रचलित हो गया, अमेरिका में नौकरी, व्यवसाय तथा अन्य क्षेत्रों में कार्यरत इन भारतीयों ने अपने देश के प्रति लगाव बनाए रखा है. उनमें से कितने ही भारत स्थित अपने अभिभावकों को धन भेजते हैं या साल-दो साल में कुछ दिनों के लिए भारत आते हैं. उन्होंने वहां आपसी संपर्क बना रखा है. भारत के किसी भी राज्य के निवासी वहां समरस हो जाते हैं. अपने मूल देश की भाषा, संस्कृति, तीज-त्योहार उन्हें परस्पर जोड़ते हैं. वहां भारतीय व पाकिस्तानी भी अच्छे दोस्त हैं क्योंकि वे एशियाई होने की भावना रखते है और राजनीतिक बहस टालते हैं. अमेरिका में जितने मोटल हैं, उनमें से अधिकांश किसी न किसी गुजराती पटेल के हैं. पाटीदार स्टोर में वह सारी वस्तुएं मिल जाएंगी जो भारत में मिलती हैं. न्यूजर्सी राज्य तो मिनी इंडिया जैसा बन गया है. आईटी में ज्यादातर भारतीय ही हैं. वहां डेंटिस्ट या सर्जन भी भारतीय ही मिलेगा.




पड़ोसी ने कहा, अमेरिका में रहते हुए भी वह लोग अपने सारे त्योहार उत्साहपूर्वक सामूहिक रूप से मनाते हैं. दिवाली पर अमेरिका में सरकारी छुट्टी दी जाने लगी है. अपने त्योहारों के अलावा वहां रहनेवाले भारतीय क्रिसमस ट्री लगाने, हैलोवीन परेड, जैक ओ लैंटर्न आदि में भी रुचि रखते हैं. जहां भारतीय समुदाय है, वहां भव्य मंदिर भी बन गए हैं. राबिन्सन विले का स्वामीनारायण मंदिर सगमर्मर निर्मित स्थापत्य की शानदार मिसाल है.

हमने कहा, अमेरिका में बैंगन को एगप्लांट कहते हैं, भिंडी को ओकरा व तुरई के जुकिनी कहा जाता है. वहां जन्म लेनेवाले भारतीय बच्चे 2 संस्कृतियों का तालमेल बिठाने में भ्रमित हो जाते हैं. उनकी बोलचाल में अमेरिकन एक्सेंट आ जाता है. घर में हिंदी, मराठी या तेलुगू बोली जाती है और बाहर अंग्रेजी चलती है. उनको मजाक में एबीसीडी कहा जाता है. इसका अर्थ है- अमेरिका बॉर्न कन्फ्यूज्ड देसी ! वैसे एबीसीडी का मतलब यह भी है- एनीबडी केन डान्स !



ज्योतिषाचार्य
पं. प्रियंका नारायणशंकर
नाथूराम व्यास,
कोतवाली बाजार,
जबलपुर (म0प्र0)

# 01 नवंबर 2025 से 31 अक्टूबर 2026 तक

# वार्षिक राशि भविष्य

## धनु ये, यो, भा, भी, भू, भे, फा, ढा, धा

इस वर्ष आपकी राशि वालों को अढ़ैया शनि का प्रभाव रहेगा, परन्तु जिनका शनि शुभ है उन्हें लाभ भी मिलेगा. अन्य ग्रहयोगों के प्रभाव से आपके उद्योग व्यापार की उन्नति होगी. परन्तु मेहनत का कम परिणाम प्राप्त होगा. वित्तीय सहयोग मिलेगा. कार्य क्षेत्र का विस्तार होगा. परिवार के किसी सदस्य की नौकरी लगने से प्रसन्नता होगी. अधिकतर स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. शिक्षा हेतु यात्रा का अवसर मिलेगा. पीपल के वृक्ष का पूजन करना हनुमान जी की आराधना करना लाभकारी है.

- **नवम्बर-2025-** वैसे रूके पेंडिंग कामकाज के लिये माह उत्तम है, प्रयास, परिश्रम बढाना होगा, आवश्यक सहयोग मिलेगा,निश्चितता रहेगी, व्यापारिक सोच विचार से योजनाओं का क्रियान्यवयन होगा, बचत कर पायेंगे, मानसिक संतोष रहेगा, पारिवारिक दृष्टि से होने वाले कार्य विवाह आदि में यश मिलेगा, मानसिक उत्साह, प्रसन्नता रहेगी.
- **दिसम्बर-2025-** अधिकतर राज्य पक्ष संबंधी कार्यों में लाभ होगा. अपने कामकाज में परिवर्तन न करें, अनायास सहयोग, मार्गदर्शन की बात सामने आयेगी, पारिवारिक जिम्मेदारियां बढेंगी, आर्थिक योग मध्यम, खर्च का ध्यान रखना होगा, अनायास नया खर्च संभव है, जबावदारी बढेगी, व्यवसायिक संतोष रह पायेगा, पराक्रम व साहस के लिये कारण बनेगा, विशेष कार्य कुशलता दिखा पायेंगे, प्रवास होगा.
- **जनवरी-2026-**माह में विवाद और कलह से दूर रहें, मानसिक असंतोष रहेगा, अस्वस्थ्यता रहेगी, व्यापारिक करार, योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं होगा, ज्यादातर नजदीकी लोगों से बातचीत एवं विश्वास में सावधानी रखें, नौकरी में भी नया और विपरीत वातावरण बनेगा, अपना संतुलन कार्यकुशलता, आवश्यक तात्कालिक बुद्धिमत्ता, व आत्म विश्वास का सहारा लेना होगा.
- **फरवरी-2026-** माह में साधारण प्रगति सुधार दिखेगा, फिर भी प्रत्येक कार्य विशेषकर लिखा पढ़ी व जबावदारी के कार्यो में सावधानी बरतें, व्यापारिक संतोष, भागदौड़ और परिश्रम से संभव है, व्यापारिक प्रतिस्पर्धा नौकरी में प्रतिष्ठा का प्रश्न बनेगा, अनायास लाभ, व्यर्थ खर्च होगा.
- **मार्च-2026-** समय के स्वरूप को अच्छी तरह देख, समझ कर कार्य करें, आपके विचारों में उत्तेजना आवेश संभव है, अपनी वस्तुएं सम्हाल कर रखें, नुकसान का अंदेशा है, नौकरी राज्य पक्ष में सावधानी रखें, आर्थिक योगमध्यम, खर्च-लेन देन की अधिकता रहेगी, व्यवसायिक असंतोष के कारण राज्य पक्ष की स्थिति बिगड़ेगी, हितचिंतक की सलाह उपयोगी रहेगी.
- **अप्रैल-2026-** माह में कुछ स्थितियां विचलित करेंगी, काफी संयम, शांति, धीरज रखना होगा, विशिष्ट कार्य महत्वपूर्ण व्यवसायिक योजनायें तथा औद्योगिक प्रगति का सामना सावधानी से करें. आर्थिक मामलों में अनिश्चितता रहेगी, प्रवास के निर्णय वापस लेना होंगे, उचित मार्गदर्शन, सहयोग की कमी रहेगी, पेंडिंग कार्य बढेंगे.
- **मई-2026-** सुधार की काफी गुंजाईश माह में रहेगी, परिश्रम प्रयास बढाना होगा, स्पष्टता फिर भी आवश्यक है, व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा में लाभ होगा, मकान दुकान की समस्या हल होगी, पारिवारिक कार्यो में शादी विवाह के योग बनेंगे, नौकरी राज्य पक्ष में अनुकूलता प्रतिष्ठा बढ़ेगी, मित्र वर्ग रिश्तेदारी, जातिगत मामलों में मिलनसारिता व सम्मान बढेगा.
- **जून-2026-** अपने निर्णय गुप्त रखें, गुप्त शत्रु अधिक विश्वास के व्यक्ति व घरेलू नौकर बगैरह से परेशानी नुकसान संभव है, व्यापारिक लेनेदेन विवादास्पद लिखापढ़ी नुकसान के अलावा प्रतिष्ठा का कारण बनेगी, नौकरी राज्य पक्ष मेंअधिकारियों का दबाव बढेगा, खरीद बिक्री प्रापर्टी के विवादों से दूर रहें. कोर्ट कचहरी के काम विशेष उलझेंगे.
- **जुलाई-2026-** काफी सुखद तथा सहयोगपूर्ण वातावरण रहेगा. प्रगति के अवसर प्रयास व परिश्रम की सफलता का प्रभाव दिखेगा, नौकरी राज्य पक्ष में प्रत्याशित सुधार होगा. लंबे समय से उलझे कार्यो में यश मिलेगा. सामान्य संबंधों से लाभांवित होंगे, अस्वस्थ्यता, व्यवसायिक निराशा नहीं रहेगी, मकान प्लॉट खरीदी व अन्य मूल्यवान वस्तु की खरीदी संभव है, यात्रा योग उपयुक्त रहेगा.
- अगस्त-2026- माह वैसे प्रतिकूल ही रहेगा, स्पष्टता, सत्यता रखनी होगी. आडम्बर तथा भुलावे में न रहें, लोगों को ईर्ष्या रहेगी, गलती भूल का पश्चाताप होगा, नई योजना का कार्य सिद्ध नहीं होगा,व्यापारिक प्रतिस्पर्धा लेन-देन से भी चिंतित रहेंगे, निजी कार्यो को महत्व दें, नौकरी में अपने काम से काम रखें, व्यापारिक कलह बढ़ेगी, अपेक्षाएं न रखें.
- **सितम्बर-2026-** जो भी संभव हो, उसे इस माह में करें, समझकर निर्णय लें, अनसोचे कार्यो में हाथ न डालें, व्यापार व्यवसाय भी हितकर नहीं रहेगा, जो भी सोचेंगे, उसके विपरीत स्थिति नहीं रहेगी, आर्थिक पश्चाताप होगा, भूल अथवा तात्कालिक लाभ में उलझेंगे, किसी को समझ पाना मुश्किल होगा, मानसिक धारणा स्पष्ट रखें.
- **अक्टूबर-2026-**हर काम में शांति संयम रखना होगा, क्रोध तथा वैचारिक अनबन बढ़ेगी, उचित तथा उपयुक्त मार्गदर्शन लेना होगा, निजी कामकाज को विशेष प्राथमिकता दें, व्यवहारिक दृष्टिकोण स्पष्ट रखें. पारिवारिक समस्या रहेगी, अपने ही परिचितों, मित्रों, से विरोध असहयोग बढेगा, संतान पक्ष की चिन्ता, नई परेशानी संभव है.

## मकर भो, जा, जी, खा, खी, खू, खो, गा, गी

गुरू शनि और राहु अच्छा फल दे रहे हैं, इस वर्ष आप प्रगति करेगें, व्यवसाय में कारोबार बढ़ेगा, दूसरों के उत्तरदायित्व सम्भालना पड़ेगा. कुछ महत्व बढ़ाने वाले प्रसंग हो सकते हैं. आपको महत्वपूर्ण गोपनीय कार्य सौपें जा सकते हैं. सम्पत्ति में वृद्धि की सम्भावना है. संतानका जन्म मांगलिक कार्य का योग है. पेट संबंधी विकार और आंतों की तकलीफके प्रति सावधानी रखें. संतान को कैरियर बनाने में सफलता मिलेगी. माँ दुर्गा जी की आराधना करना लाभकारी है.

- **नवम्बर-2025-** इस माह में सुधार की काफी संभावनाएं दिखेंगी, फिर भी पूर्णतया आश्वस्त होना ही उत्तम रहेगा, अपनी वार्ता कामकाज को गुप्त ही रखें, पुराने शत्रु, विरोधी, सहयोग, विश्वास दर्शायेंगे, पारिवारिक सहयोग बढेगा, आर्थिक योग लेनदेन में प्रगति होगी, नौकरी में पूछपरख बढेगी.
- **दिसम्बर-2025-** आर्थिक योग उत्तम, अधिकतर कामों में सफलताएं मिलेंगी, पुरानी योजनाएं कार्यक्रमों में प्रगति होगी, पारिवारिक मामलों में निश्चिंतता रहेगी, संतान संबंधी कार्य ठीक से होंगे, व्यापारिक करार सुधरेंगे, मानसिक उत्साह बढेगा, अनायास रूका पैसा मिलने से भी राहत मिलेगी, बचत के कार्य होंगे, स्वास्थ्य संबंधी चिन्ता असंतोष कम होगा, मानसिक श्रेष्ठता विशेष रहेगी.
- **जनवरी-2026-** पराक्रम साहस बढेगा, आत्म विश्वास से कार्य करें, साधारणतया परिश्रम, मेहनत का प्रतिफल मिलेगा, प्रतिष्ठा की स्थिति रहेगी, जातिगत, सामाजिक सहयोग और उत्साह रहेगा, नौकरी राज्यपक्ष में कामकाज जबावदारी की पूंछपरख होगी, आंतरिक संतोष रहने से नया कामकाज विचार कर पायेंगे.
- **फरवरी-2026-** हर स्थिति में अपने कामकाज ठीक से कर पायेंगे, सहयोग मार्गदर्शन मिलेगा, मिलनसारिता प्रेम सौहार्द बढेगा, कार्यो में लगन जबावदारी निभा पायेंगे, आर्थिक प्रसन्नता रहेगी, पारिवारिक शांति रहेगी, कुछ अनसोचे कार्य भी होंगे, जिससे नया उत्साह रहेगा, व्यापारिक करार लेनदेन तथा पूर्व नियोजित लाभ उठा पायेंगे.
- **मार्च-2026-** इस माह में वेसे सावधानी रखें, व्यर्थ विवाद अथवा छोटी बड़ी बात पर ध्यान न दें, धीरज संयम आवश्यक रहेगा, नये कामकाजी निर्णयों से जल्दबाजी न करें, नौकरी में अधिकारियों का दबाव बढेगा, पारिवारिक मतभेद क्रोध-संभव है, आर्थिक योग मध्यम, व्यसन से बचना चाहिये.
- **अप्रैल-2026-** यह माह विचित्र स्थितियों से पूर्ण रहेगा, एक ओर आशा निराशा रहेगी, तो दूसरी ओर आत्म विश्वास बढेगा, वैवाहिक जीवन में सुखद अनुभव होंगे, राज्यपक्ष और नौकरी में जबावदारी निभा पायेंगे, किसी बात का मानसिक प्रभाव रहेगा, आर्थिक मामलों में संतोष रहेगा, प्रसन्नता होगी,
- **मई-2026-** काफी स्पष्ट साहसपूर्ण कार्य का निर्णय लेना पडेगा, पारिवारिक सहयोग की कमी रहेगी, कटु, अमैत्रीपूर्ण अनुभव मिलेंगे, संभावित परेशानियों को टाल पायेंगे, आर्थिक दृष्टि से समय महत्वपूर्ण रहेगा, पत्नी अथवा माता पिता की चिन्ता होगी, अपनी क्षमता का ध्यान रखें.
- **जून-2026-** तनावपूर्ण स्थितियां रहेंगी, प्रयास परिश्रम बढाना पडेगा, उपयुक्त सहयोग मिलेगा, निश्चित अवसर, सुखद परिणाम, यश के प्रति आशान्वित रहेंगे, पारिवारिक जीवनयापन सुखद रहेगा, उत्तरार्ध में गंभीर आवश्यक कार्यो का निराकरण होगा, नौकरी राज्य पक्ष के सुखद समाचार मिलेंगे.
- **जुलाई-2026-** जैसा सोचोगे वैसा होगा, सिर्फ अपने विचारों, कार्यो वातारण के अनुरूप चलें, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, स्पष्टता से लाभ होगा, नया कामकाज बनेगा, संबंध सुधरेंगे, पूछपरख बढेगी, अपने किये परिश्रम का लाभ होगा, खरीद बिक्री होगी, लाभांवित होंगे, फिर भी भोलापन तथा आडंबर से दूर रहना होगा.
- **अगस्त-2026-**हठवादी दृष्टिकोण न रखें, वैसे निराशावादी विचारों का प्रभाव रहेगा, फिर भी जो कुछ नहीं अथवा जिसको सिर्फ मानकर चलें हैं, उस अंतर को समझकर चलें, तथा नया वातावरण परिचय सहयोग मित्र अवसरवादी रहेंगे. संभावित कामकाज जबावदारी से लें, आर्थिक लेनदेन साफ सुथरा रखना होगा.
- **सितम्बर-2026-** किसी गलती में जानबूझकर न उलझें, हर स्थिति में चौकन्ना रहना होगा, कई बार विपरीत वातावरण संघर्ष बढेगा, नई समस्या प्रतिस्पर्धात्मक विचार, ईर्ष्या बढेगी, स्वभाविक कारणों से नुकसान होगा, आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं होगा, नौकरी, राज्य पक्ष की परेशानी बढ़ेगी.
- **अक्टूबर-2026-** माह में काफी तनाव रहेगा, मानसिक परेशानियां बढेगी, पारिवारिक वातावरण में क्रोध मतभेद की स्थिति संभव है, प्रापर्टी के विवाद होंगे, महत्वपूर्ण निर्णय टालना उचित रहेगा, कोर्ट कचहरी के कार्यो में देरी अथवा निर्णय पक्षधर नहीं होगे, व्यापार व्यवसाय में भागीदारी लेनदेन की चिन्ता रहेगी.

## कुंभ गू, गे,गो, सा, सी, सू, से, सो, द

इस वर्ष आपकी राशि वालों को उतरता शनि लाभ देता है, जनवरी से अप्रैल के बीच व्यवसायिक कार्यों में रद्दोबदल की सम्भावना है. जुलाई से कारोबार बढ़ेगा, बड़े उद्देश्यों पर खर्च करना पड़ेगा, परिवार के सदस्य से लाभ का योग है. किसी बड़े आयोजन पर धन खर्च की सम्भावना है. वरिष्ठजनों की उन्नति होगी. स्वास्थ्य अच्छा रहेगा. लीवर पित्त आदि से सावधानी रखें, परन्तु बड़ी परेशानी नहीं होगी. संतान को अपना लक्ष्य साधने में रूकावट आ सकती है. नौकरी में मनोनुकूल परिवर्तन होगा. वृक्षारोपण और असक्तजनों की सेवा करना लाभकारी है.

- **नवम्बर-2025-** कोर्ट कचहरी के विवाद रहेंगे, समझौतावादी दृष्टिकोण रखना होगी, व्यापारिक सौदे निराश करेंगे, नई व्यापारिक प्रतिस्पर्धा में न रहें, आर्थिक विषमता, खर्च की अधिकता, चोरी का भय रहेगा, नियमित कामों को भी परेशानी में करना पडेगा, पारिवारिक कार्य सहयोग मिलेगा.
- **दिसम्बर-2025-** स्थितियां सामान्य तौर पर पक्षधर रहेंगी, कुछ नया आत्म विश्वास रहेगा, आंतरिक परेशानियां कम होंगी, विश्वासपूर्वक निर्णय कार्यकुशलता रह पायेगी, दूसरों के सहयोग तथा मार्गदर्शन से लाभांवित होंगे, व्यापार व्यवसाय की स्थितियां लेनदेन पक्षधर रहेंगे. विरोधी वर्ग स्वत: शांत हो जायेगा.
- **जनवरी-2026-**आर्थिक योग उत्तम हैं, अर्थ के मामलों से संबंधित रूके कार्य अनायास होंगे, त्वरित निर्णय भागदौड़ करना पडेगी, व्यापारिक करार, औद्योगिक प्रगति होगी, मकान दुकान के प्रापर्टी संबंधी कार्यों की पूछपरख रहेगी, नौकरी में अधिकारी संतोष दर्शायेंगे, गुप्त शत्रु परास्त होंगे.
- **फरवरी-2026-** माह अधिकतर प्रगतिवर्धक रहेगा, फिर भी अपने कार्यो को दूसरों के भरोसे न करें, संबंधों में सुधार होगा, मित्रवर्ग के कार्य रहेंगे, आपसी मामलों में कोई नई सोच संभव है, स्वयं की प्रापर्टी खरीदी बिक्री, समय पर हितकर होगी, व्यवसायिक सोच प्रतिस्पर्धा का लाभ मिलेगा.
- **मार्च-2026-** अपने ही किये गये कार्यो में उलझे रहेंगे, हर कार्य को समझ कर व अपना पक्ष लाभ देकर ही करें, व्यर्थ की परेशानी चिन्ता रहेगी, सामान्य कामकाज भी भागदौड़ से बनेंगे, व्यर्थ के विवादों से दूर रहें, पारिवारिक मतभेद, दूसरों की धारणाओं से मन प्रसन्न रहेगा. कुछ कटु अनुभव मिलेंगे.
- **अप्रैल-2026-** आर्थिक व्यवसायिक मामलों में विशेष ध्यान रखना होगा महत्वपूर्ण कार्यो में समस्या रहेगी, विश्वास, मार्गदर्शन सीमित रखना ही उत्तम है, जल्दबाजी में अथवा ऐनकेन प्रकारेण कार्य करने की प्रवृत्ति टालें, पारिवारिक संतोष समाधान रहेगा, भागीदारी के कार्यो में सावधानी आवश्यक है.
- **मई-2026-**मानसिक चिडचिडाहट रहेगी, क्रोध बढेगा, किसी प्रकार की चिन्ता परेशानी होगी, नजदीकी विश्वासपूर्ण लोगों से कटुता या विपरीत अनुभव मिलेगा, नया कामकाज योजना का क्रियान्वयन नहीं हो पायेगा, प्रतिष्ठा, सम्मान के प्रश्न सामने आयेंगे, आर्थिक योग मध्यम खर्च बढेगा.
- **जून-2026-**व्यवसायिक औद्योगिक क्षेत्र में प्रगति होगी, निश्चिंतता रहेगी, पारिवारिक मामलों में सफलता मिलेगी, नौकरी राज्य पक्ष के प्रयास सफल होंगे, घर में वातावरण सुखद रहेगा, वैवाहिक कार्यो की पूर्ति होगी, संबंध सुधरेंगे, पुराने रूके पेंडिंग काम बनेंगे, लेनदेन खरीदी बिक्री होगी.
- **जुलाई-2026-** माह में अधिकतर प्रसन्नता रहेगी, जमीन जायजाद अथवा व्यवसाय संबंधी कार्यो में सुधार होगा, अपने कार्यो का विशेष प्रभाव रहेगा, स्पष्टता रखें, दूसरों का आर्थिक सहयोग, कर्ज लेनदेन की बात बनेगी, किसी पुरानी अथवा इच्छानुरूप बात में सफलता मिलेगी, राजकीय कार्य पूरे होंगे.
- **अगस्त-2026-** सहनशीलता रखनी होगी, अपने कामकाज निर्णय स्वयं करेंगे तो ही समाधान होगा, आपसी मतभेद मनमुटाव का परिणाम सामने आयेगा, जिसे आप हितचिन्तक मानोगे उसी से नुकसान होगा, काफी बैचारिक व्यवहारकुशलता रखें, अपने ही किये का पश्चाताप होगा.
- **सितम्बर-2026-** इस माह अत्याधिक सावधानी रखकर कार्य करें, किसी बड़ी समस्या में उलझना पड़ सकता है, आप चाहे किसी भी क्षेत्र के हों, प्रतिष्ठा और अधिनस्थों के व्यवहार से परेशानी होगी, आर्थिक लेनदेन व्यापारिक सौदे, नौकरी के कार्यक्रमों में अव्यवस्था रहेगी. गुप्तशत्रु लेनदेन अथवा पुरानी किसी बात का संकट नये रूप से बनेगा.
- **अक्टूबर-2026-** हरेक काम की जिम्मेदारी की स्थितियों को गंभीरता से सोचना होगा, पारिवारिक सहयोग कम मिलेगा, अनिश्चितता बढेगी, नया कामकाज नहीं हो पायेगा, प्रापर्टी के लेनदेन में विवाद रहेगा, व्यापार में औद्योगिक प्रगति धीमी होगी, अधिनस्थों से विवाद मतभेद संभव हैं.

## मीन दी, दू, दे, दो, चा, ची, थ, झ, त्र

इस वर्ष साढ़ेसाती शनि का प्रभाव रहेगा, जबकि गुरू और केतु अच्छा फल दे रहे हैं, परिश्रम अधिक करना पड़ेगा, छुट पुट परेशानियां होगी, जिनका निवारण भी होगा. परिस्थितियों में कुछ रद्दोबदल होगा. कारोबार में मंदी की चिन्ता रहेगी, अत्याधिक विश्वास न करें. रसोई घर का आधुनिकीकरण शोरूम गोदाम आदि का निर्माण हो सकता है. आमदानी बढ़ाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी, परिवार में किसी बड़ी चिन्ता से राहत मिलेगी. शुभ प्रसंगों का आयोजना होगा. भोजन में अरूचि और डायविटीज जैसी व्याधि उभर सकती है.प्रतियोगिता में दूसरों से आगे निकल जाने में सफलता मिलेगी, शनिवार को हनुमान जी को तेल का दीपक रखना और चोला चढ़ाना लाभकारी है.

- **नवम्बर-2025-** इस माह में भी प्रगतिशील विचार बनेंगे, स्पष्ट निर्णय लेने होंगे, व्यापारिक प्रतिष्ठा लेनदेन के कार्य होंगे, नौकरी राज्यपक्ष में सुधार होगा, अनायास लाभ रूका पैसा मिलेगा, मकान दुकान जमीन जायजाद संबंधी कार्य होंगे, नौकरी में जबावदारी के कार्यो की पूछ परख होगी.
- **दिसम्बर-2025-** साधारण कार्यो के प्रति लापरवाही व आलस्यता बढेगी, कामकाज में मन नहीं लगेगा, पारिवारिक समस्याएं मतभेद रहेंगे, आर्थिक मामलों के प्रति सजगता रखें, विश्वास के काम नहीं होंगे, लेनदेन कर्ज, लिखापढी की चिन्ता रहेगी, व्यापारिक अवसर कम मिलेंगे.
- **जनवरी-2026-** सामान्य प्रगति उत्साह का वातावरण रहेगा, सोचे विचारे कार्यो को पूरा कर पायेंगे, मानसिंक श्रेष्ठता रहेगी, कामकाज में मन लगेगा, संघर्ष करना होगा, प्रतिफल मिलेगा, माह में जल्दबाजी में काम न करें, आर्थिक योग उत्तम, खर्च की पूर्ति होगी, प्लाट मकान संबंधी कार्य होंगे.
- **फरवरी-2026-** वैचारिक परेशानी या चिन्ता अधिक रहेगी, मनमुटाव के कारण नुकसान होगा, दूसरों की बात कार्य या ईर्ष्यागत मामलों में ध्यान न दें, स्वयं को अकेला महसूस करेंगे, आर्थिक विवाद बढेंगे, लेनदेन समय पर नहीं होगा,जमानत कोर्ट कचहरी के कार्यो से बचें. व्यापारिक करार लिखापढी के सरकारी कामकाज में सतर्कता रखें.
- **मार्च-2026-** तात्कालिक राहत का अनुभव होगा, सुखद वार्तालाप नया परिवर्तन संयोग बढेगा, व्यापारिक श्रेष्ठता रहेगी, उचित मार्गदर्शन सहयोग के कारण कोर्ट कचहरी के कार्यो में यश मिलेगा, अपने कार्यो को पेंडिंग न रखें, आर्थिक योग माह में श्रेष्ठ, विशेष खर्च होगा.
- **अप्रैल-2026-** माह में काफी कुछ सुधार/प्रगति होगी, आर्थिक योग उत्तम, खर्च की बचत रहेगी, अपने कार्य समय पर कर पायेंगे, किसी बात के प्रति गंभीरता बढेगी, खरीद, बिक्री, प्लाट, मकान दुकान, के काम होंगे, संतोष रहेगा, मनमुटाव कम होगा, स्वास्थ्य संबंधी नियमितता रहेगी.
- **मई-2026-** माह पारिवारिक दृष्टि से अथवा मित्र वर्ग से चिन्तावर्धक रहेगा, भागदौड़ परिश्रम काफी रहेगा, कामकाज में यश प्रगति होगी, लेकिन उसका श्रेय समाधान नहीं मिलेगा, अपने काम की तरफ ध्यान दें, कोर्ट कचहरी जमानत जबावदारी के कार्यो में सतर्कता रखें, आमदानी की गोपनीयता रखें.
- **जून-2026-** पूर्वार्ध में सतर्कता से चलना होगा, जल्दबाजी के कामकाज में निर्णय लेना होंगा, दूसरों के कारण परेशानी होगी, कामकाज की अधिकता रहेगी, भय चंचलता बढ़ेगी, व्यापार व्यवसाय में सामान्य जबावदारी रखें, लालच लोभ से बचें, पत्नी, संतान, संबंधी चिन्ता होगी.
- **जुलाई-2026-** इस माह आशातीत सफलता मिलेगी, अच्छा अवसर व सहयोग मिलेगा, इच्छा अनुरूप कार्य होंगे, संबंधों में सुधार होगा, जबावदारी व कार्य व्यवसाय में परिवर्तन होगा, आर्थिक स्थिति में स्थायित्व के काम होंगे, ज्यादा चिन्ता परेशानी नहीं रहेगी. विवाहादि मांगलिक कार्यो की चर्चा होगी.
- **अगस्त-2026-** माह में स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां रहेंगी, नियमितता रखें, व्यसन की अधिकता व लापरवाही में न रहें, पुरानी बीमारी से विशेष सतर्कता रखें, आर्थिक समस्या बढेगी, व्यवसायिक औद्योगिक प्रगति धीमी रहेगी, अपनी ही गलती से नुकसान होगा, शत्रु पक्ष हावी रहेगा.
- **सितम्बर-2026-**विश्वास, भरोसे का काम नहीं रखें, स्वयं की सोच व परिश्रम रखना होगा, किसी बात से प्रतिष्ठा का प्रश्न बनेगा, घर परिवार में कटुता, मनमुटाव रहेगा, नया कामकाज न करें, व्यर्थ की उलझनें न बढ़ायें, संभव होने पर ही किसी बात की हामी भरें.
- **अक्टूबर-2026-**अधिकतर काम हितकर होंगे, मानसिक श्रेष्ठता रहेगी, विचारों में विश्वास बढेगा,जिज्ञासा रहेगी, विशेष सहयोग मिलेगा, अधिक आश्वास्त रहेंगे, नौकरी राज्यपक्ष में सुधार कामकाज की पूछ परख होगी, प्रतिष्ठा के मामले आयेंगे, बचत रहेगी, उपयोगी खरीदी से प्रसन्नता होगी.